तापमान
अधिकतम 36.2 डिग्री
न्यूनतम 29.6 डिग्री

# हरिभूमि महासमुंद भूमि

रायपुर, शुक्रवार 10 मई 2024



05 स्वीप में उत्कृष्ट कार्य के लिए दिल्ली से आए ...





06 भागवत महापुराण कथा के समापन पर लगा ...






## खबर संक्षेप

### युवक के साथ मारपीट

**महासमुंद।** पुरानी रंजिश को लेकर बलौदा थाना अंतर्गत ग्राम मुंडपहार के युवक के साथ मारपीट की घटना हुई है। बलौदा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर मामले की जांच विवेचना शुरू कर दी है। बलौदा पुलिस ने बताया कि प्रार्थी मुंडपहार निवासी विकास कुमार साहू पिता विद्याचरण साहू ने रिपोर्ट लिखाई है कि कल 8 मई को मैं सेमलिया सोसायटी में दूध बेचने के लिए गया था, जहां से मुझे आरोपी खिरसिंधु बारिक पिता ताराचंद बारिक आया और घसीटकर ग्राम मुंडपहार ले आया और पुरानी रंजिश को लेकर बेल्ट और रॉड से मारपीट करने लगा। इस मारपीट से मेरे हाथ, पैर, पीठ, चेहरे पर चोट लगी है। साथ ही आरोपी ने धमकी देते हुए कहा कि मेरे (प्रार्थी) पिता विद्याधर साहू और बड़े भाई प्रकाश साहू को भी मारने की धमकी दी। रिपोर्ट पर बलौदा थाने में आरोपी के खिलाफ धारा 294, 323, 506 के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### सट्टा संचालित कर रहे युवक पर कार्रवाई

**महासमुंद।** बागबाहरा पुलिस ने आईपीएल मैच के दौरान सट्टा का संचालन कर रहे एक युवक पर कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि आरोपी महेंद्र दुबे पिता राजू दुबे (35) निवासी वार्ड 03 स्टेशन चौक बागबाहरा द्वारा चाय ठेला में लोगों को टीवी में आईपीएल क्रिकेट मैच दिखाकर पैसों का दांव लगवाकर सट्टा नामक जुआ संचालित कर रहा था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी के कब्जे से नगद 5000 रुपए, एक टीवी, एक मोबाइल जब्त किया गया है। आरोपी के खिलाफ धारा 6 क छग जुआ प्रतिषेध अधि. 2022 के तहत कार्रवाई की गई है। गौरतलब है कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर आईपीएल क्रिकेट मैच के दौरान सटोरियों पर कार्रवाई के लिए पुलिस टीम को निर्देशित किया गया है।

### ट्रेलर की टक्कर से कार क्षतिग्रस्त

**महासमुंद।** पटेवा थाना अंतर्गत नेशनल हाईवे में रायतुम चौक टुरीडीह के पास ट्रेलर ने कार को टक्कर मार दी। प्रार्थी लकेश्वर पिता दर्शनलाल साहू (58) निवासी गोबरा कुरूद जिला धमतरी ने पुलिस को बताया कि ट्रेलर क्रमांक आरजे 47 जीए 5971 के चालक ने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उसकी कार क्रमांक सीजी 05 एक्यू 8074 को टक्कर मार दिया।

# एक कमरे में हो रहे राशन दुकान संचालित, कैसे हो यहां भंडारण?

## परिवहनकर्ताओं को नोटिस पर आपत्ति, कहा- दुकान संचालकों के पास जगह का अभाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में अप्रैल और मई माह के खाद्यान का वितरण एक साथ नहीं होने के लिए पर्याप्त भंडारण को माने जाने एवं नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा नोटिस जारी करने पर परिवहनकर्ताओं ने आपत्ति जाहिर की है। परिवहनकर्ताओं की मानें तो उन्होंने अप्रैल माह में ही दो माह का भंडारण करना चाहा। लेकिन, कई दुकानदारों ने गोदाम में जगह कम होने का हवाला देते हुए भंडारण से इनकार कर दिया।

बता दें कि शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में राशन का भंडारण विलंब से होने के कारण जिले में कई हितग्राही अप्रैल माह के राशन पाने से वंचित हो गए हैं। अप्रैल और मई माह का राशन एक साथ प्रदान किया जाना था, लेकिन राशन का भंडारण नहीं किया जा सका। अधिकृत परिवहनकर्ता को जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा नोटिस भी जारी किया गया था।

इसके अलावा परिवहनकर्ता पर पेनाल्टी लगाने की बात भी कही गई है। जिले में 593 शासकीय उचित मूल्य की दुकानें सचालित है। इधर, दुकान संचालकों का कहना है कि राशन की दुकानों में सर्वर की भी समस्या बरकरार है। इसके कारण राशन लेने के लिए उचित मूल्य की दुकानों में पहुंच रहे हितग्राहियों को वापस लौटना पड़ जाता है। कई हितग्राही समय पर राशन नहीं ले पाते हैं। इसके अलावा कुछ अन्य प्रक्रियाएं भी ऑनलाइन होने के चलते राशन भंडारण आदि की प्रक्रिया भी समस्याएं आती है।

### भंडारण व परिवहन में अब समस्या नहीं

स्टेट सिविल स्पलाई कॉपरेशन लिमिटेट के जिला प्रबंधक आदि नारायण ने बताया कि खाद्यान भंडारण का कार्य टीम वर्क है। इसमें से डिपो में एक प्रभारी भी अनुपस्थित रहें तो गोदाम से चावल जारी करना मुश्किल हो जाता है। चूंकि, इस दौरान कई कर्मचारियों की चुनाव ड्यूटी भी लगी थी। इसलिए, कुछ दिक्कत जरूर आई। लेकिन, वर्तमान में भंडारण और परिवहन में कोई समस्या नहीं है।



### खाद्य विभाग ने भेजा था प्रस्ताव

खाद्य विभाग के सहायक खाद्य अधिकारी संजय शर्मा ने बताया कि ऐसे हितग्राही जो माह अप्रैल का खाद्यान प्राप्त करने से वंचित हो गए थे, वे अब माह मई में माह मई के साथ-साथ माह अप्रैल का खाद्यान प्राप्त कर सकेंगे। खाद्य शाखा महासमुंद की ओर से विकल्प दिए जाने का प्रस्ताव पर राज्य शासन की ओर से माह अप्रैल के खाद्यान के वितरण का विकल्प ई- पॉस मशीन में प्रदाय करा दिया गया है।

**नतीजा:** 10वीं बोर्ड में जिले के चार विद्यार्थियों ने टॉप-10 में बनाई जगह

# 12वीं में महक ने बढ़ाया जिले का मान, प्रदेश में रहीं टॉप पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने

- दसवीं का 84.17 और 12 वीं का परीक्षा परिणाम 91.61 फीसदी

आज कक्षा 10वीं और 12 वीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषित किया। जिले की महक अग्रवाल ने कक्षा 12 वीं बोर्ड परीक्षा में छत्तीसगढ़ राज्य में पहला स्थान प्राप्त किया है। महक इवास वुडलैंड इंग्लिश हायर सेकेंडरी स्कूल सरायपाली की छात्रा हैं। वहीं 10वीं बोर्ड परीक्षा में जिले के चार विद्यार्थियों ने टॉप-10 में अपनी जगह बनाई है। शिक्षा विभाग के अनुसार जिले में कक्षा दसवीं का 84.17 फीसदी और 12 वीं का परीक्षा परिणाम 91.61 फीसदी रहा।

बता दें कि पहली बार है जब मंडल ने दोनों बोर्ड कक्षाओं के परीक्षा परिणाम एक साथ घोषित किया है। जिसमें सरायपाली की महक अग्रवाल पिता नवीन अग्रवाल, माता पूजा अग्रवाल ने 97.40 प्रतिशत अंक हासिल कर राज्य में कक्षा 12 वीं की बोर्ड परीक्षा में टाप पर अपना स्थान बनाया। सराईपाली स्थित इवास वुडलैंड इंग्लिश मीडिया हायर सेकंडरी स्कूल की छात्रा महक ने कुल 500 अंकों में 487 अंक प्राप्त किया। महक के राज्य में टॉप करने की खबर के बाद उन्हें बधाई देने वालों का तांता लग गया।

महक अग्रवाल अब बीकॉम ऑनर्स करने के बाद बैंकिंग सेक्टर में जाना चाहती हैं। महक ने परीक्षा में अच्छे अंक हासिल करने के लिए शुरू से ही पढ़ाई करने पर जोर देते हुए कहा कि ऐसा न सोचें कि आखिरी में परीक्षा में पढ़ाई कर अच्छे अंक हासिल कर लेंगे। इसके अलावा जब भी जरूरत महसूस हो, शिक्षकों की मदद लें। यूट्यूब के जरिए भी पढ़ाई में मदद मिलती है। वहीं सफलता हासिल नहीं कर पाए छात्रों के लिए कहा कि हार नहीं माननी है, फिर से लगन से पढ़ाई करें।



### 24 हजार से अधिक ने दी थी परीक्षा

मालूम हो कि इस बार छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित 10वी व 12वीं की बोर्ड परीक्षा में जिले के कुल 24 हजार 700 विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया था। कक्षा 12वीं बोर्ड की परीक्षा में 10 हजार 463 पंजीकृत थे। इसी प्रकार 10वीं बोर्ड की परीक्षा में 14 हजार 237 विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया था। बोर्ड द्वारा आयोजित यह परीक्षा जिले के कुल 114 परीक्षा केन्द्रों में सम्पन्न हुई।

### दसवीं में 4 ने बनाई टॉप टेन में जगह

कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम के अनुसार जिले के चार विद्यार्थियों ने टॉप टेन में जगह बनाई है, इनमें 7वें स्थान पर स्वामी आत्मानंद इग्लिश मीडियम स्कूल नयापारा महासमुंद की छात्रा प्रेरणा साहू ने 600 अंकों में 586 अंक (97.67 प्रतिशत) हासिल की है। इसी तरह शासकीय हाईस्कूल तोरेसिंहा की छात्रा रिया साहू ने 584 अंक (97.33 प्रतिशत) हासिल कर नवां स्थान प्राप्त किया। एकलव्य इंग्लिश हाईस्कूल की दिशा प्रधान ने भी 584 अंक (97.33 प्रतिशत) हासिल कर नवां स्थान प्राप्त किया है। टॉप टेन की सूची में दसवें स्थान पर शासकीय हाईस्कूल छिबर्रा के छात्र तेजस नायक ने 583 अंक (97.17 प्रतिशत) हासिल कर दसवां स्थान प्राप्त किया है।



### महक की सफलता से गौरवान्वित हुआ अग्र कुल : मुकेश

**महासमुंद।** जिले के सरायपाली निवासी छात्रा महक अग्रवाल ने प्रदेश भर में जिले और सरायपाली शहर का नाम रौशन किया है। महक की इस उपलब्धि पर छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश उपाध्यक्ष भी महक के घर पहुंचे और सफलता पर पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई देते हुए कहा है कि सरायपाली और अग्र कुल का गौरव आज और भी अधिक प्रभावशाली हुआ है। उन्होने महक की उपलब्धि के लिए पिता नवीन एवं माता पूजा अग्रवाल सहित परिजनों को आगे भी पढ़ाई के क्षेत्र में प्रेरित करने की बात कही।

# धान कटाई के भाड़ा को लेकर हुआ विवाद, डंडे से सिर पर वारकर हत्या

हत्या कर लाश नदी में दफनाई, पुलिस ने खोद कर निकाली, दो गिरफ्तार

पुलिस को हत्या में और भी आरोपियों के शामिल होने का संदेह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

एक दिन पूर्व ग्राम रेवा में हुई युवक की हत्या की गुत्थी पुलिस ने दो घंटे के अंदर सुलझा ली है। लेकिन, इस वारदात में और लोगो के शामिल होने की आशंका है। प्रारंभिक विवेचना में दो आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार आरोपी संजू देवांगन एवं मृतक महेश दोनों शराबी एवं झगड़ालू प्रवृत्ति के थे। दोनों एक साथ पीते-खाते फिर झगड़ा भी हो जाता था। पुरानी किसी रंजिश व धान कटाई की बकाया राशि की लेन-देन को हादसे का प्रमुख वजह समझा जा रहा है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना में मृत महेश पिता विशाल धृतलहरे एवं आरोपीगण रेवा के समीपस्थ ग्राम सेवाती निवासी हैं। महेश के साथ हुए हादसे की शुरूआत मंगलवार को ग्यारह बजे के आसपास सेवाती-रेवा तिराहे पर उस समय हुई, जब महेश अपने दो साथियों के साथ मोटर सायकल से अपने घर जा रहा था। उसी समय सेवाती के संजू देवांगन जो वहीं हार्वेस्टर से धान काट रहा था। उसने महेश को आवाज देकर रोका तथा धान कटाई की बकाया राशि की मांग की। इस पर दोनों में विवाद होने के बाद मारपीट का रूप ले लिया। संजू ने मोबाइल से अपने साथी अमन देवांगन को बुलाने के बाद महेश के साथी भाग खड़े हुए। अमन के आने के बाद हुई मारपीट से बचने महेश खेतों से होता हुआ रेवा की मरघट्टी के पास जाकर छुप गया। अमन ने उसे वहां छुपा देखकर वहीं पड़े डंडे से पीटना शुरू किया। सिर में लगी चोंट व मार से उसकी मौत हो गई। घटना को छुपाने के लिए उसने शव को जॉक नदी के किनारे एक डोढ़की (नाला नुमा जगह) में गड्ढा खोदकर उसे दफना कर मिट्टी के ऊपर पत्ते की डंगाले डाल दी। बुधवार की सुबह ग्राम रेवा का कोटवार हमेशा की तरह नदी में नहाने जाते समय उक्त स्थल पर नजर पड़ी। गीली मिट्टी से गड्ढे को पटा देख एवं खून देखकर उसे किसी अनहोनी का संदेह होने पर बागबाहरा पुलिस को इसकी सूचना दी। मामले को समझ झगड़े की खबर के आधार पर संदेह को दो घंटे के अंदर ही कोमाखान एवं बुंदेली चौकी पुलिस स्टाफ के साथ आरोपियों को धर दबोचा।

### लड़ाई छुड़ाने गए शख्स के साथ दो लड़कियों ने की मारपीट

**महासमुंद।** सिटी कोतवाली अंतर्गत वार्ड 10 में लड़कियों के बीच हो रही लड़ाई को छुड़ाने गए व्यक्ति के साथ दो लड़कियों ने मारपीट की। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। प्रार्थी जहीर खान पिता स्व. नूर मोहम्मद खान निवासी वार्ड 10, रेलवे फाटक फर्शी गली ने पुलिस को बताया कि 8 मई की शाम करीब 6.30 बजे गोल बाजार सब्जी मार्केट अपनी मोटर सायकल से घर के लिये सब्जी लेने गया था। शाम 7.00 बजे मैं वापस घर पहुंचा तो देखा कि सार्वजनिक नल में पानी भरने की बात को लेकर मेरी लड़की सफीना खान तथा सामिया खान के साथ मेरे मोहल्ले की साईना खान और जूही खान हाथ मुक्का से मारपीट कर रहे थे, तब मै अपनी लड़कियों को छुड़वाने गया। इस पर आरोपी तब साईना खान और जूही खान मुझे लड़कियों की लड़ाई छुड़वाने आता है कहकर मुझे पकड़ कर वहां पड़े पत्थर से मारने लगे। आरोपियों के मारपीट करने से मेरी छोटी लड़की सफीना खान को छाती, पीठ एवं दाहिना हाथ में चोटें आई है तथा मेरी बड़ी लड़की सामिया खान की पीठ में और मुझे बायें हाथ में चोट आई है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज किया है।

# ऑफरों की भरमार के साथ सराफा बाजार अक्षय तृतीया के लिए तैयार


## शादी-ब्याह की खरीदारी से सराफा में भारी उत्साह, बढ़ी रौनक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शादी-ब्याह की खरीदारी को लेकर जिला मुख्यालय के सराफा बाजार में भारी उत्साह और रौनक दिखने लगी है। वहीं सोने-चांदी की खरीदारी के लिए साल के सबसे बड़े मौके अक्षय तृतीया पर ग्राहकों के स्वागत के लिए भी सराफा बाजार तैयार है। इस दिन सोने-चांदी की खरीदारी शुभ माना जाता है। ऐसे में कारोबारी ग्राहकों को लुभाने के लिए बाजार में एक से बढ़कर एक वेडिंग और नए डिजाइन के जेवरों की रेंज लेकर आए हैं।

विशेषकर सोना खरीदना इस दिन सबसे ज्यादा शुभ होता है। इससे धन की प्राप्ति और दान का पुण्य अक्षय बना रहता है। बैशाख शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को अक्षय तृतीया कहा जाता है। इस दिन सूर्य और चंद्रमा दोनों ही अपनी उच्च राशि में स्थित होते हैं और शुभ परिणाम देते हैं। इन दोनों की सम्मिलित कृपा का फल अक्षय होता है। अक्षय तृतीया पर मूल्यवान वस्तुओं की खरीदारी और दान-पुण्य के कार्य भी शुभ माने गए हैं। विशेषकर सोना खरीदना इस दिन सबसे ज्यादा शुभ होता है। इससे धन की प्राप्ति और दान का पुण्य अक्षय बना रहता है। इस साल अक्षय तृतीया का त्योहार शुक्रवार, 10 मई को मनाया जाएगा।

अमन ज्वेलर्स के संचालक अमन जैन सहित अन्य सराफा कारोबारियों की मानें तो सोने-चांदी की बढ़ी कीमतों का भी खरीदारी पर कोई असर नहीं दिख रहा। सोने और ज्वेलरी से प्रेम करने वाले वैसे तो सालभर इसकी खरीद करते हैं। लेकिन, हर साल दो बार ऐसे मौके आते हैं जब सोने की चीजें खरीदना एक तरह से जरूरी जैसा हो जाता है। अक्षय तृतीया और धनतेरस मौकों पर बाजारों में सोना- चांदी खरीदने भारी भीड़ उमड़ती है।



### आधी रात के बाद समापन

इस साल अक्षय तृतीया का त्योहार शुक्रवार, 10 मई को सुबह 4 बजकर 17 मिनट पर आरंभ होगा। इस तृतीया तिथि का समापन 11 मई को सुबह 02 बजकर 50 मिनट पर होगी। उदिया तिथि के चलते अक्षय तृतीया 10 मई को मनाई जाएगी। धार्मिक मान्यता अनुसार इस दिन शुरू किया गया कोई भी कार्य आसानी से संपन्न हो जाता है।

### जमीन विवाद को लेकर देवर ने भाभी से की मारपीट, सिर में आई चोट

**महासमुंद।** बलौदा थाना क्षेत्र के पलसापाली में जमीन के बंटवारे की बात को लेकर देवर ने अपनी भाभी के साथ मारपीट की। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 294, 323, 506 के तहत अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि बलौदा पलसापाली निवासी गीतांजलि साहू द्वारा अपने देवर देवराज साहू द्वारा गाली गलौच कर मारपीट करने के संबंध में एक लिखित आवेदन दिया गया है। जिसमें प्रार्थिया गीतांजलि साहू पति सुरेंद्र साहू (30) ने बताया कि मैं अपने पति के साथ रहती हूं। मेरे पति सहित उनके सभी भाई और सास-ससुर अलग-अलग एक ही आंगन में रहते हैं। आपसी जमीन बंटवारा को लेकर मेरा देवर देवराज साहू रोज शराब पीकर मुझे तथा मेरे पति से गाली गलौज करता रहता है।जिसे मेरे साथ, पति, सास जसोवंती साहू, ससुर भीष्मदेव साहू द्वारा कई बार समझाया गया। 8 मई की सुबह करीबन 7.30 बजे मैं अपने घरेलू काम कर रही थी, तभी मेरे पति के साथ देवर देवराज साहू जमीन संबंधी बात को लेकर गाली गलौज कर मारने के लिए पकड़ा था, जिसे मैं देखकर मैं छुड़ाने लगी। तब मेरे देवर देवराज साहू ने हम भाइयों के झगड़े में बोलने वाली तुम कौन होती हो कहते हुए गालियां देने लगा और बांस के डंडे से मेरे सिर पर मारा, जिससे मेरा सिर फट गया और खून निकलने लगा इसके बाद आरोपी वहां से भाग गया। पुलिस ने मामले में जुर्म दर्ज कर जांच विवेचना शुरू कर दी है।

### बहू के नाम की लोन राशि चाचा ससुर ने रख ली, वापस मांगने पर मारपीट

**महासमुंद।** सरायपाली थाना अंतर्गत ग्राम बड़ेपंधी में लोन का पैसा मांगने पर चाचा ससुर द्वारा बहू के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर लिया हैप्रार्थिया संजू कंद पति अरविंद कंद निवासी ग्राम बड़ेपंधी ने पुलिस को बताया कि 7 मई 2024 को अपने चाचा ससुर दुखनाशक एवं काकी सास कुमोदिनी कंद के साथ सरायपाली ग्राम शक्ति कस्टमर कार्ड से लोन लेने गई थी। लेकिन लोन की रकम 28,500 रुपए मेरे चाचा ससुर दुखनाशक कंद ने अपने पास रख लिया। जब मैं दोपहर 01 बजे अपने पति अरविंद कंद के साथ पैसा मांगने के लिये उनके घर गई तो मेरे चाचा ससुर बोले कि मुझे देखकर लोन दिया है, तेरा क्या पैसा, कहकर विवाद करने लगे और गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए डंडे से मारपीट की। प्रार्थिया ने बताया कि मारपीट करने से मेरे चेहरा, बांया पैर, पीठ, कमर में चोट लगी है एवं बीच बचाव कर रहे मेरे पति से भी हाथ मुक्का से मारपीट किया। पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 294, 323, 506 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।


पाठक सूचना

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969

आवश्यक सूचना

हरिभूमि पाठक पुरस्कार योजना

के सम्मानीय विजेताओं से आग्रह है कि अपना उपहार हरिभूमि कार्यालय महासमुंद में संपर्क कर प्राप्त कर लेवें।

उपहार प्राप्त करने अपने आधार कार्ड की फोटोकापी, मासिक बिल और पावती ( ग्राहक प्रति), साथ में लावें।

उपहार प्राप्त करने का समय सुबह 11 से शाम 5 बजे तक

स्थान : हरिभूमि जिला कार्यालय
प्रीतम प्राईड काम्प्लेक्स, महासमुंद (छ.ग.)
मो. 9098324969

NEET एवं JEE एक जूनून है और GOAL इसकी शुरुआत!

GOAL
Educational Services Pvt. Ltd.
Nation's Leading Institute

छ.ग. के छात्रों एवं अभिभावकों के बीच सर्वाधिक लोकप्रिय एवं विश्वसनीय संस्थान : GOAL

Congratulations...
to all the Students
Passed in 10th & 12th Chhattisgarh Board
Best Wishes for Future Journey...

50% छात्रवृत्ति
12th छ.ग. बोर्ड परीक्षा परिणाम में आये प्रथम 10 विद्यार्थियों के लिए।

DROPPER BATCH NEET / JEE
& 9th | 10th | 11th | 12th
Admission Open...
1st Batch - 17th May / 2nd Batch - 24th May

BHILAI: 166, NEW CIVIC CENTRE, PH- 0788-4013502, 7415884100
BHILAI: GOAL GENIUS CAMPUS, RISALI, PH- 0788-4040300, 7772060999
BHILAI: 139, ZONAL MARKET, SECTOR-10, PH- 9826943595 0788-4064100
RAIPUR: BESIDE VIDYA HOSPITAL, SHANKAR NAGAR, PH- 0771-4060711

**खबर संक्षेप**

### पैतृक संपत्ति विवाद, छोटे भाई से की मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम भलेसर में जमीन विवाद के चलते दो भाइयों के बीच विवाद का मामला सामने आया है। जिसमें बड़े भाई और उसके बेटे मिलकर छोटे भाई की पिटाई कर दी। इस घटना की रिपोर्ट सिटी कोतवाली महासमुंद में दर्ज कराई गई है। प्रार्थी दयालूराम साहू पिता रामू साहू निवासी भलेसर ने पुलिस को बताया कि मेरी पैतृक जमीन ग्राम भलेसर में है। करीब 20 साल पहले मैं अपने पैतृक भूमि में से कुछ जमीन को गांव के सार्वजनिक भवन के लिए दान में दिया हूं। उसी सार्वजनिक भवन से लगी जमीन पर मेरा कब्जा है, जिस पर मैं अपने परिवार के लोगों के साथ सब्जी लगाने एवं गोबर थोपने का काम करते हैं। प्रार्थी ने बताया कि कल 8 मई की सुबह 7 बजे मैं अपने घर के बाहर परछी में बैठा था, तभी मेरा बड़ा भाई बलदेव साहू और उसका लड़का नेहरू साहू मेरे पास आए और बोलने लगे कि सार्वजनिक भवन से लगी जमीन मेरे हिस्से की है। इस जमीन से आप अपना कब्जा हटा लो। इस पर मैने कहा कि हमारा पैतृक संपत्ति का बंटवारा आज से करीब 20 साल पहले हो गया है, अब इस जमीन को अपना क्यों बोल रहे हो। मेरे ऐसा कहने पर आरोपी बलदेव साहू और उसका लड़का नेहरू साहू मेरे साथ गाली गलौज करने लगे। जब मैने गाली देने से मना किया तो मुझे हाथ मुक्का से मारने लगे और जमीन पर पटक दिए। बलदेव साहू एवं नेहरू साहू के द्वारा मारने से मेरे दाहिने पैर की जांघ एवं दांत टूट गई है। महासमुंद पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 34, 506 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### शुरू नहीं हो पाया आक्सीजन प्लांट

**रायपुर।** कोरोना काल के दौरान पीएम केयर से मिले फंड से डीके अस्पताल के लिए लगाए गए लिक्विड आक्सीजन का प्लांट का काम अब तक शुरु नहीं हो पाया है। इस प्लांट की मदद से अस्पताल में भर्ती मरीजों को आवश्यक होने पर आक्सीजन सप्लाई की सुविधा मिल पाती। प्लांट बनाने के बाद इसकी गैस की सप्लाई अस्पताल परिसर तक करने के लिए पाइप लाइन बिछाने का काम भी पूरा किया जा चुका है। अस्पताल सूत्रों के अनुसार प्लांट की शुरुआत करने के लिए कुछ अनुमति प्रक्रिया पूरी करनी पड़ती है जिसका काम अधूरा पड़ा है जिसकी वजह से प्लांट अभी भी शो-पीस बना हुआ है।

### आचार संहिता के बाद ई-लाइब्रेरी शुरू होने के आसार

**रायपुर।** शासकीय डेंटल कालेज के छात्रों को ई-लाइब्रेरी की सुविधा आचार संहिता के बाद मिलने की संभावना बढ़ गई है। संजीवनी एक्सप्रेस का संचालन करने वाली पुरानी कंपनी से भवन वापस मिलने के बाद अस्पताल प्रबंधन ने इस ओर अपना ध्यान देने शुरु किया था। लाइब्रेरी निर्माण के लिए अस्पताल द्वारा गठित कमेटी द्वारा विभिन्न बढ़े शिक्षण संस्थानों का निरीक्षण किया था। करीब दस करोड़ की लागत से बनने वाले इस लाइब्रेरी का प्रस्ताव शासन स्तर पर भेजा जा चुका था जिस पर किसी तरह का फैसला होने से पहले आचार संहिता लागू हो गया था।

### वन बंधु महिला समिति की बैठक में आगामी कार्यों पर हुई चर्चा

**रायपुर।** राजधानी रायपुर स्थित एकल कार्यालय में बुधवार को वन बंधु परिषद महिला समिति की बैठक हुई। बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने अप्रैल माह में किए गए सेवा कार्यों की समीक्षा के साथ ही आगामी कार्यक्रमों की रणनीति तय की गई। इसी दौरान मीडिया प्रभारी कविता राठी ने बताया कि 5 से 7 अप्रैल को कोलकाता में आयोजित युवा सम्मेलन और पूर्वी क्षेत्र की बैठक में कांता सिंघानिया सहित 3 सदस्यों ने भाग लिया था, वही रायपुर महिला समिति ने पूर्वी क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ संक्रांति संग्रह का दूसरा पुरस्कार कोलकत्ता में जीता। श्रीमती राठी ने बताया कि समिति की सदस्यों द्वारा 23 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया, जहां हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। बैठक में अंजली तापड़िया ने कार्यक्रम की रिपोर्टिंग के तरीके को समझाते हुए नए सदस्यों को पंचमुखी शिक्षा की प्रस्तुति के साथ विस्तृत जानकारी दी।

**परीक्षा परिणाम:** 12वीं का परीक्षा परिणाम 91.61 प्रतिशत, प्रदेश में बेहतर

# महक 12वीं की परीक्षा में प्रदेश में अव्वल 10वीं में 4 छात्रों ने टॉप टेन में बनाई जगह

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

**इस वर्ष कक्षा 12वीं परीक्षा परिणाम में 11.23 प्रतिशत एवं 10 परीक्षा परिणाम में 9.2 प्रतिशत की वृद्धि**

**कलेक्टर ने छात्रों से आगे भी ऐसे ही परिणाम लाने की उम्मीद जताते हुए किया उत्साहवर्धन**



छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 10वीं व 12वीं की मुख्य परीक्षा 2024 का परीक्षा परिणाम जारी हुआ। 12वीं बोर्ड की परीक्षा में महासमुंद जिले की छात्रा महक अग्रवाल (वाणिज्य संकाय) ने पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं 10वीं बोर्ड की परीक्षा में जिले की चार विद्यार्थियों ने टॉप टेन में जगह बनाई। जिसमें छात्रा प्रेरणा साहू सेजेस इंग्लिश स्कूल नयापारा महासमुंद ने सातवां स्थान, रिया साहू शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तोरेसिंहा एवं डेनिशा प्रधान एकलव्य इंग्लिश स्कूल अर्जुंडा सरायपाली ने 9वां स्थान तथा तेजस नायक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छिबर्रा ने 10वां स्थान प्राप्त किया है। कलेक्टर प्रभात मलिक ने जिले के सभी उत्तीर्ण परीक्षार्थियों से आगे भी ऐसे ही परीक्षा परिणाम लाने की उम्मीद जताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

मालूम हो कि जिले में सत्र 2023-24 में कक्षा 10वीं के लिए 14127 विद्यार्थी पंजीकृत थे। जिनमें 13927 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए।

जिले में 5041 छात्र और 6672 छात्राएं उत्तीर्ण हुई। इस तरह बालकों का उत्तीर्ण प्रतिशत 80.83 प्रतिशत एवं बालिकाओं का 86.88 प्रतिशत रहा। कुल परीक्षा परिणाम 84.17 प्रतिशत रहा। इनमें 04 विद्यार्थियों ने टॉप 10 में जगह बनायी। इसी प्रकार जिले में कक्षा 12वीं में 10428 छात्र-छात्राएं पंजीकृत थे। इनमें 10348 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। जिसमें 3907 छात्र और 5569 छात्राएं उत्तीर्ण हुई। कक्षा 12वीं में बालकों का उत्तीर्ण प्रतिशत 88.89 प्रतिशत एवं बालिकाओं का 93.62 प्रतिशत इस तरह जिले का 12वीं का कुल परीक्षा परिणाम 91.61 प्रतिशत रहा। जो राज्य के परीक्षा परिणाम से काफी बेहतर है।

जिला शिक्षा अधिकारी सहित शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने इस उपलब्धि पर हर्ष जताया है। ज्ञातव्य है कि पिछले सत्र में जिले का 12वीं का परीक्षा परिणाम 80.38 प्रतिशत व कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम 74.97 प्रतिशत रहा था। इस तरह इस वर्ष कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम में 11.23 प्रतिशत एवं कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम 9.2 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

## बेमचा स्कूल से बारहवीं में गेंदलाल और कक्षा दसवीं में पूजा अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

छग माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी बोर्ड परीक्षा परिणाम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेमचा का परीक्षा परिणाम बेहतर रहा है।

प्राचार्य एसएल पाटकर एवं परीक्षा प्रभारी नवीन चंद्राकर ने बताया कि शिक्षा सत्र 2023-24 में हायर सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा में कुल दर्ज परीक्षार्थी 64, सम्मिलित परीक्षार्थी 62, अनुपस्थित परीक्षार्थी 2 रहे। जिसमें कुल उत्तीर्ण परीक्षार्थी 56 में प्रथम श्रेणी 32, द्वितीय 22, तृतीय 2 अनुतीर्ण 1, पूरक 5 रहे। इस तरह परीक्षा परिणाम 90.32 प्रतिशत रहा। साथ ही 10वीं बोर्ड हाईस्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा में कुल दर्ज परीक्षार्थी 87, परीक्षा में सम्मिलित परीक्षार्थी 85, अनुपस्थित परिक्षार्थी 2 कुल उत्तीर्ण में 75 प्रथम श्रेणी में 18, द्वितीय 43, तृतीय 14, अनुतीर्ण 04, पूरक -06 रहे। इस तरह 10वीं का परीक्षाफल 88.2 प्रतिशत रहा। 12वीं बोर्ड में विद्यालय से गेंद लाल साहू 86 प्रतिशत कला संकाय, अमित कुमार चंद्राकर 85.8 कला संकाय, मुस्कान चंद्राकर 85.6 विज्ञान संकाय, संध्या ध्रुव 84.4% वाणिज्य संकाय, ईश्वरी साहू 83 वाणिज्य संकाय, गोपनीय साहू 81.6 विज्ञान संकाय तथा 10वीं बोर्ड में पूजा निषाद 94, पूनम चंद्राकर 89.3, दामिनी वर्मा 85.1, वर्षा कोसरे 77.5, जितेंद्र चेलक 73.5, मोनिका टंडन 69 प्रतिशत बनाकर विद्यालय का मान बढ़ाया है। प्राचार्य सहित शिक्षकों ने कहा कि जो विद्यार्थी अपने साथी विद्यार्थी से थोड़ा पीछे हुए हैं उन्हें घबराने की जरूरत नहीं है। थोड़ी और मेहनत करे वे भी सफल होंगे। छात्रों की सफलता पर स्कूल के शिक्षक एसएल पाटकर, डीएस ध्रुव, पीके ध्रुव, वायएस बलिहार, तुलेंद्र सागर, नवीन चंद्राकर, किरण पटेल, पीएल साहू, तारिणी कहार, महेश्वरी साहू, वीके तिवारी, कुंती दीवान, गंगा बंजारे, जुगनी गुंबर, अमृता कौर, संगीता चंद्राकर, आराधना साहू, सेवनदास मानिकपुरी, विनोद वर्मा, पूर्णिमा सिन्हा, रश्मि चंद्राकर, हेमलता साहू, सुमन भारती कोसरे, मनीष साहू, कार्यालयीन स्टाफ से शकुंतला सोनी, सुषमा सागर, रूखमणी साहू, चेष्टा जोशी, प्रदीप यादव, जागेश्वरी गोस्वामी, योगेश्वरी चंद्राकर आदि ने हर्ष जताया है।



### सम्हर में निकाली गई कलश यात्रा

**तेंदूकोना।** ग्राम सम्हर (बागबाहरा) में पुना बाई नायक, पानसिंह नायक, बिशे नायक के निवास में गुरुवार 9 मई से 15 मई तक सात दिवसीय शिव महापुराण कथा शुभारंभ हुआ। जिसमें कथा प्रवचनकर्ता राधे राधे बाम्हनडीह (कोमाखान) के पंडित दिलीप त्रिपाठी है। इस मौके पर गांव में कलश यात्रा निकाली गई। रास्ते में जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा की। कलश यात्रा के दौरान शिवभक्त महिलाएं हाथों में कलश लेकर चलती रही। प्रवचनकर्ता पंडित दिलीप त्रिपाठी के नेतृत्व में भक्तों ने भगवान शिव की पूजा-अर्चना की।

## गांजा तस्करी के मामले में दो को 12-12 वर्ष की सजा व अर्थदंड

**महासमुंद।** अवैध मादक पदार्थ गांजा तस्करी के मामले में एनडीपीएस के विशेष न्यायाधीश संघपुष्पा भतपहरी ने आरोप दोष सिद्ध होने पर रायपुर निवासी 30 वर्षीय मनीष साहू पिता बल्ला साहू व 22 वर्षीय पीयूष पांडे पिता पुरूषोत्तम पांडे को 12-12 वर्ष की सजा सुनाई व डेढ़-डेढ़ लाख रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड की राशि नहीं पटाने पर 1 वर्ष का अतिरिक्त कारावास पृथक से भुगतना होगा। अभियोजन के अनुसार 8 अगस्त 2023 को कोमाखान थाना के सहायक उपनिरीक्षक को देहात भ्रमण के दौरान मुखबिर से सूचना मिली थी कि ओडिशा प्रांत की ओर से 2 व्यक्ति अवैध रूप से गांजा परिवहन करते हुए आ रहे है। इस पर अपने साथियों के साथ पुलिस ने टाटा कंपनी का सफेद रंग के आल्ट्रो कार क्रमांक सीजी 07 सीएल 8359 को रोका उसमें दो व्यक्ति सवार थे। पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया। जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपी ओडिशा से कार में मादक पदार्थ गांजा बिक्री के लिए आ रहे थे। तौल करने पर 60 किलो ग्राम गांजा जब्त किया गया। विवेचना उपरांत मामला कोर्ट को सौंपा गया था। अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक जितेंद्र कुमार साहू ने पैरवी की।

# बूढ़ादेव मंदिर में हुआ महापूजन और कुंभ भराई का कार्यक्रम

## गोंड़ समाज के बच्चों ने दी करमा, सुआ समेत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति



**बसना।** गढ़फुलझर, बसना अंचल का एक प्रसिद्ध पर्यटन स्थल है, जो प्रकृतिक सौंदर्यता से घिरे हुए है। यहां तालतलैया है, जो कभी आदिवासी राजाओं का एक अभेद्य किला था। इस स्थान पर आदिवासी गोंड़ समाज द्वारा अपने इष्टदेव बूढ़ादेव का मंदिर निर्माण लगभग पांच से चल रहा है, जो अंतिम चरण में हैं। जहां समाज के लोगों ने बुधवार को बैशाख अमावस्या के दिन महापूजन तथा कुंभ भराई का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सुबह 7 बजे शुरू होकर शाम तक चला । इस आयोजन समाज के बच्चों द्वारा करमा, सुआ तथा रिकार्डिंग डांस की रंगारंग प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में मंच संचालन शंकर सिदार ने किया।

फुलझर राज गोंड़ समाज के निर्माणाधीन बूढ़ादेव देवालय निर्माण समिति गढ़फुलझर पुरखा शक्ति के प्राचीन परंपरा को जीवंत रखते हुए ईष्ट देव छत्रपति बूढ़ादेव, गढ़ शक्ति देवी देवताओं के आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए कुम्भ भराई महापूजन महोत्सव का आयोजन किया गया। उक्त देवालय स्थल में सर्वप्रथम ईष्ट देव बूढ़ा देव का पूजा अर्चन कर प्रकृति शक्ति और धनई कोदई दाई का आह्वान कर कुंभ भराई का कार्य शुरू किया गया। जिसमें सैकड़ों की तादात में सम्मिलित होकर अष्टधातु, अन्न दान किए। महापूजा में सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया। सभी श्रद्धालुजनों ने महाभंडारा में सामूहिक प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर बूढ़ादेव देवालय निर्माण कार्य समिति संरक्षक बरत राम नागेश, अध्यक्ष मुन्नू सिंग जगत, उपाध्यक्ष महेश सोम, सचिव यज्ञ राम सिदार, सहसचिव परमानंद नागेश, कोषाध्यक्ष गणेश सिदार, महिला प्रभाग में सत्यभामा नाग जनपद अध्यक्ष पिथौरा, नोविना जगत सदस्य जिला पंचायत सदस्य रहीं। कार्यकारिणी सदस्य उदल पोर्ते, पांडव नाग, चंदर साय सिदार, शांति लालसाय सिदार, बंशीधर सिदार, महेश सिदार, भुनेश्वर नेताम, जोगी सिंह जगत, कल्याण नागेश, मालिक राम नाग, शुभ सिंह जगत, मोहन सिदार, कुभेर सिंग नेताम, करतार सिंग जगत, कमल नेताम, निरंजन नाग, सरजू लाल सिदार, कार्तिक राम नेटी, चंद्रशेखर सिदार, शिवलाल बाघ,अहिवन पोर्ते, करम सिंग जगत, अशोक पोर्ते, राजेंद्र सिदार, टाकेंद्र राय एवं हजारों की संख्या समाज के महिलाओं, पुरूषों व युवा वर्ग तथा बच्चे भी शामिल हुए तथा बूढ़ादेव की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिए।

### स्वामी आत्मानंद के बच्चों ने किया कमाल : अंकित

**महासमुंद।** खल्लारी विधानसभा से कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की महत्वाकांक्षी योजना स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल व उत्कृष्ठ हिंदी माध्यम स्कूल से पढ़कर आज घोषित हुए नतीजों के तहत पूरे छत्तीसगढ़ में टॉप 10 में 10वीं में आए कुल 59 बच्चों में से 21 बच्चे स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय से हैं, उसी प्रकार 12वीं में टॉप 10 में आए कुल 20 बच्चों में से 7 बच्चे स्वामी आत्मानंद विद्यालय से हैं। ये अपने आप में इस बात का प्रमाण है कि कैसे भूपेश बघेल यहां के बच्चों की शिक्षा के प्रति चिंतित थे। इसी प्रकार महासमुंद जिले की रहने वाली महक अग्रवाल ने पूरे प्रदेश में प्रथम आकर व महासमुंद जिले से ही प्रेरणा साहू, रिया साहू, देनिशा प्रधान, तेजस नायक ने भी टॉप टेन में आकर जिले का नाम रोशन किया है। इन छात्रों की सफलता पर अंकित बागबाहरा ने हर्ष जताया है।

## ऑफिसर कॉलोनी के वोटर भी रुचि नहीं दिखाए वोटिंग में, इसलिए 870 में 372 ने किया मतदान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

रायपुर लोकसभा चुनाव में इस बार शहरी क्षेत्र में वोट का प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में कम रहा। मतदाताओं ने वोट करने में ज्यादा रूची नहीं दिखाई। इनमें देवेंद्र नगर ऑफिसर कालोनी के वोटर भी शामिल है। इस कालोनी में 870 वीआईपी वोटर है, लेकिन इनमें से महज 372 ही वोटर वोट देने पहुंचे थे। इससे पता चला कि शहर में चाहे ऑफिसर कालोनी हो या फिर आम लोगों की कालोनी। वोट देने के लिए मतदाता बहुत कम निकले।

विदित हो कि जिले में मतदान शुरू होते ही सुबह से प्रशासन के अधिकारी वोटिंग करके अपने फोटो सोशल मीडिया में शेयर करने लगे थे, जिससे आम वोटर मतदान करने के लिए प्रेरित हों, लेकिन देवेंद्र नगर ऑफिसर्स कॉलोनी के लोग इससे ज्यादा प्रेरित नहीं हुए। यहां के वोटरों के लिए आदर्श मतदान केंद्र बनाया गया था। इसमें सुबह 8 बजे से लेकर शाम 6 बजे तक सिर्फ 372 वोटर ही पहुंचे। इससे पहले विधानसभा चुनाव के दौरान भी यहां सिर्फ 354 वोटर ही पहुंचे थे। चौंकाने वाली बात यह है कि ग्रामीण और बस्ती इलाकों के पोलिंग बूथों में वोटिंग का प्रतिशत 80 फीसदी तक रहा है। दूसरी ओर आईएएस और आईपीएस रैंक के अधिकारी व उनके परिवार जहां रहते हैं, वहां 46 प्रतिशत ही मतदान हुआ है। एक अभियान में बताया था कि शहर में 6 लाख से ज्यादा लोग वोटिंग करने नहीं पहुंचते। इनमें शिक्षित वर्ग के मतदाताओं की संख्या ज्यादा है। देवेंद्र नगर ऑफिसर्स कॉलोनी में ऐसे अधिकारी निवास करते हैं जिन्हें वोटिंग कराने का जिम्मा मिला था। इसके बाद भी अधिकतर अधिकारी वोटिंग करने के लिए नहीं निकले।

# अलका ने ओडिशा के नुआपाड़ा क्षेत्र में किया चुनाव प्रचार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बागबाहरा



प्रदेश संगठन के निर्देश पर चुनाव प्रचार के लिए भाजपा नेत्री अलका चंद्राकर ओडिशा के कालाहांडी लोकसभा के अंतर्गत नुआपड़ा विधानसभा क्षेत्र में पहुंची। नुआपड़ा विधानसभा के ग्राम मोंगरापाली, डूमरडीह, बेल्टुकरी, कुलियाबांधा, सरायपाली, भलेसर, डुमरपानी में सभा लेते हुए अलका चंद्राकर ने कहा कि पूरे देश में मोदी लहर है। मोदी की गारंटी पर जन-जन को विश्वास है, मोदी ने गरीब, किसान, युवा, महिला को ध्यान में रखते हुए देश के 11 करोड़ शौचालय बनवाए, हर गरीब को पक्का छत, जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल, 80 करोड़ जनता को मुफ्त राशन, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना में 10 करोड़ मुफ्त गैस सिलेंडर का वितरण किया। ओडिशा में भाजपा ने 300 यूनिट बिजली फ्री, 3100 प्रति क्विंटल धान खरीदी, सुभद्रा योजना में 50000 का वाउचर महिलाओं को देने जा रही है।

डबल इंजन के सरकार बनने से ओडिशा का विकास दूसरा गति से होगा। ज्ञात हो कि इसके पहले रायपुर लोकसभा के खरोरा, भडहा, नयापारा, आरंग, नवागांव आदि क्षेत्र में प्रचार में रही। इस अवसर पर खेमराज साहू बूथ अध्यक्ष, हरि चंद्राकर, रतन चंद्राकर, गेंद साहू, संजय मालवे, नंदू सोनी, बाला चंद्राकर, जानवी साहू, नरेंद्र बग्गा, मेघू चंद्राकर आदि कार्यकर्ता साथ में थे।

## प्रशासनिक प्रक्रिया से बाहर नहीं निकली पैट सीटी मशीन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

- **आंबेडकर अस्पताल प्रबंधन कर रहा स्वीकृति का इंतजार**



स्वास्थ्य मंत्री के निर्देश के बाद कैंसर प्रभावित मरीजों के बीच जांच की सुविधा को लेकर जागी उम्मीद अधूरी प्रशासनिक प्रक्रिया की वजह से पूरी नहीं हो पाई है। इस मशीन की टेस्टिंग के लिए अस्पताल प्रबंधन को प्रशासनिक स्वीकृति मिलने का इंतजार है।

आंबेडकर अस्पताल में वर्ष 2018 में करीब कैंसर के मरीजों की जांच के लिए पैट सीटी मशीन एवं गामा कैमरा खरीदा था। मशीन लगाने के बाद इसका उपयोग शुरु नहीं हो पाया था और मामला विवादों में फंस गया था। कुछ माह पहले नए स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने मरीज हित को ध्यान में रखते हुए उक्त मशीन को पुनः शुरु करने के निर्देश दिए थे। इससे बाद लोगों को आस जागी थी कि इसका फायदा मिलेगा मगर इसके बाद मामला पुनः प्रशासनिक स्वीकृति पर जाकर अटक गया है। अस्पताल प्रबंधन मशीन को लेकर किसी भी तरह की जांच अथवा अन्य कार्य बिना प्रशासनिक सहमति के शुरु नहीं कर सकता। मशीन की सक्रियता परखने के लिए सबसे पहले उसके जांच संबंधित कंपनी के इंजीनियरों से करानी पड़ेगी। यह काम तभी शुरु हो सकता है जब शासन की ओर से इसके लिए स्वीकृति मिल सके। शासकीय स्तर पर पैट सीटी मशीन के माध्यम से जांच की सुविधा केवल एम्स में है जहां मरीजों को दो से तीन माह तक इंतजार करना पड़ता है।

## आत्मानंद स्कूलों को पीएमश्री में मर्ज करने के फैसले पर उठाया सवाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

छत्तीसगढ़ पैरेंट्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष क्रिष्टोफर पॉल ने बताया कि कांग्रेस सरकार द्वारा स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल वर्ष 2020 में आरंभ किया गया और हिंदी माध्यम स्कूल वर्ष 2022 में आरंभ किया गया। वर्तमान में कुल 751 स्वामी आत्मानंद स्कूल पूरे प्रदेश में संचालित है, जिसमें लगभग पांच लाख बच्चें पंजीकृत है और 14 हजार शिक्षक पदस्थ है। सरकारी हिंदी मीडियम स्थापित स्कूलों को बंद कर उसे स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी मीडियम स्कूल बनाया गया।

अब स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी मीडियम स्कूलों को बंद कर पीएमश्री स्कूल बनाया जा रहा है, जिसको लेकर अब पैरेंट्स एसोसिएशन ने सरकार की मंशा पर सवाल उठाया है। श्री पॉल ने स्कूल शिक्षा विभाग और डीपीआई को पत्र लिखकर जानकारी सार्वजनिक करने की मांग की है। श्री पॉल का कहना है कि आचार संहिता लगा हुआ है और प्रदेश के 311 स्वामी आत्मानंद स्कूलों को पीएमश्री स्कूल में मर्ज करने पंजीयन कराया जा रहा है, जबकि यह नितिगत निर्णय है और इस प्रकार का कोई निर्णय कैबिनेट की बैठक में कभी लिया ही नहीं गया, बावजूद इसके शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा स्वामी आत्मानंद स्कूलों को पीएमश्री स्कूल में पंजीयन कराया जा रहा है, जो उचित नहीं है।

## दो दिन लगातार ड्यूटी, थकान मिटाने कोई पूरे दिन-कोई आधे दिन रहे छुट्टी पर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

लोकसभा चुनाव में रायपुर जिले के विधानसभा क्षेत्रों में पोलिंग बूथों पर ड्यूटी करने वाले कई अधिकारी-कर्मचारी ड्यूटी की थकान मिटाने के लिए बुधवार को अवकाश पर रहे, वहीं कई आधे दिन की छुट्टी पर रहे। जिलेभर से पोलिंग बूथों पर लगभग साढ़े 11 हजार कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी। इसके साथ अधिकारियों की भी पोलिंग बूथों पर नजर रखने के साथ अन्य चुनाव गतिविधियों की जिम्मेदारी दी गई थी। इस तरह सभी अधिकारी-कर्मचारी 6 मई को सुबह 6 बजे से मतदान सामग्री वितरण व मतदान दलों के पोलिंग बूथों पर रवाना करने के दिन से लेकर दूसरे दिन 7 मई को शाम 6 बजे मतदान प्रक्रिया पूरी होने के बाद ईवीएम मशीनों को स्ट्रांग रूम में जमा करने तक लगातार दो दिन तक ड्यूटी करते रहे। ईवीएम मशीनों को जमा करने का काम स्ट्रांग रूम में देर रात तक चलता रहा। इस कारण कई अधिकारी-कर्मचारी सुबह अपने घर लौट पाए। इसके कारण कई अधिकारी-कर्मचारी पूरी तरह से थक चुके थे। इस थकान को मिटाने के लिए कई अधिकारी-कर्मचारी पूरे दिन, तो कई आधे दिन की छुट्टी लेकर आराम करते रहे। इधर इन अधिकारियों-कर्मचारियों के अवकाश पर रहने के कारण कलेक्टोरेट के विभिन्न विभागों के दफ्तरों से लेकर, तहसील कार्यालय एवं शिक्षा विभाग कार्यालय में सन्नाटा पसरा रहा।

**मिलेगा मानदेय**

चुनाव ड्यूटी में लगे सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को चुनाव ड्यूटी के रूप में मानदेय दिया जाएगा। यह मानदेय पद के अनुसार अधिकारियों-कर्मचारियों को दिया जाएगा। हालांकि विधानसभा चुनाव 2023 के दौरान कई कर्मचारियों और अधिकारियों को मानदेय अब तक नहीं मिल पाया है। जिन्हें मानदेय नहीं मिला है, ऐसे अधिकारी-कर्मचारी संकोच के कारण जिला प्रशासन के अधिकारियों से मानदेय की मांग भी नहीं कर रहे हैं, जबकि दूसरी ओर अधिकारियों का कहना है कि मानदेय सभी को मिल चुका है। अगर जिन्हें नहीं मिला है, तो वे आकर हमें बताएं, उन्हें भी दिया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### ईवास वुडलैंड स्कूल की छात्रा महक ने 12वीं बोर्ड में बनाया प्रथम स्थान

**सरायपाली।** नगर के ईवास वुडलैंड स्कूल की छात्रा महक ने पहला स्थान हासिल किया। छात्रा को कलेक्टर, एसडीएम, जिला शिक्षा अधिकारी व अन्य तमाम लोगों ने उज्वल भविष्य की कामना की है। नगर के हृदय स्थल जय स्तंभ चौक के पास रहने वाली महक अग्रवाल ने 12वीं में पहला स्थान हासिल किया है। महक अग्रवाल ने 97.40 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। 10वीं में भी महक अग्रवाल ने टॉप 10 में अपनी जगह बनाई थी। महक के पापा नवीन अग्रवाल फर्नीचर के व्यापारी हैं। वहीं मां पूजा अग्रवाल गृहणी हैं। अपने तीन भाई-बहन में महक अग्रवाल सबसे बड़ी हैं।

# जाति प्रमाण पत्र बनाने के कार्य में गति लाने के दिए निर्देश

## कलेक्टर प्रभात मलिक ने ली समय-सीमा की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



कलेक्टर प्रभात मलिक ने समय-सीमा की बैठक लेकर जिला अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने पूर्व से स्वीकृत और निर्माणाधीन कार्यों में गति लाने के निर्देश दिए। मलिक ने लंबित समय-सीमा पत्रकों की समीक्षा की। साथ ही वन अधिकार पत्रों का पोर्टल में एंट्री शीघ्रता से एंट्री करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी जनपद सीईओ जो प्रमाण पत्र पहले से बन चुके है उसे आदिवासी विकास विभाग को दें, ताकि, शीघ्रता से ऑनलाइन एंट्री किया जा सके। वहीं विद्यार्थियों के जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए भी सभी अनुविभागीय अधिकारियों को स्कूल शिक्षा विभाग की बैठक लेकर प्रगति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी महिला संयोजकों को छात्रावासों का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सभी तहसील कार्यालय हर सप्ताह जारी करने वाले प्रमाण पत्र की संख्या में वृद्धि करें। इसी तरह कलेक्टर ने कार्यालयों में पर्याप्त साफ सफाई रखने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि पुराने अनुपयोगी सामग्रियों का नियमानुसार अपलेखन करना भी सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी अनुविभागीय अधिकारियों को स्कूल और अन्य कार्यों का सतत निरीक्षण करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर निर्भय साहू और जिला अधिकारी मौजूद थे।

# स्वीप में उत्कृष्ट कार्य के लिए दिल्ली से आए चुनाव अधिकारियों के हाथों डॉ. पाणिग्राही हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा



जिले के स्वीप आइकॉन के रूप में डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही ऐसा चर्चित नाम है, जो मतदाता जागरूकता के लिए मैदानी स्तर पर शहर ही नहीं ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों तक पहुंचकर नए नए कार्यक्रमों के माध्यम से एक अलग अंदाज में मतदान करने के लिए प्रेरित करते हैं। उनकी कार्यशैली के साथ साथ उनकी एक्टिवा वाहन एवं वेशभूषा जो स्वीप स्लोगन से सुसज्जित एक अलग प्रभाव डालता है। इसी एक्टिवा पर सवार होकर डॉ पाणिग्रही निरंतर मतदाता जागरूक कर रहे हैं। महासमुंद जिला ही नहीं, रायपुर, दुर्ग, भोपाल तथा ओडिशा में मतदाता जागरुकता का कार्य बखूबी किया। महासमुंद जिले में निर्वाचन संपन्न होने के बाद डॉ पाणिग्राही ने रायपुर एवं दुर्ग जिले में केंद्रित होकर मतदान जागरूकता के लिए सतत मतदान तिथि तक समर्पित होकर मतदाता जागरुकता में जुटे रहे। इन्हीं समर्पित एवं सतत कार्य के लिए दिल्ली से आए चुनाव अधिकारी आब्जर्वर श्रीकेश लथकर आईएएस एवं पुलिस ऑब्जर्वर के द्वारा से डॉ विश्वनाथ पाणिग्रही को मोमेंटो एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर मंच में संभाग आयुक्त एसएन राठौड़, कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी, नगर निगम दुर्ग कमिश्नर लोकेश चंद्राकर सहित अन्य अधिकारी विराजमान रहे। डॉ पाणिग्राही ने कहा कि मेरी खुशी उस समय द्विगुणित हो गई जब मंच पर पहुंचते ही कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दुर्ग ऋचा प्रकाश चौधरी ने अधिकारियों से मेरा परिचय कराते हुए मेरे द्वारा किए गए मतदाता जागरुकता कार्यों को बताते हुए सराहना की। डॉ पाणीग्राही ने कलेक्टर दुर्ग, स्वीप समिति दुर्ग तथा नगर निगम दुर्ग का आभार जताया है।

# सशिमं में दसवीं-बारहवीं का परीक्षा परिणाम रहा सर्वश्रेष्ठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 10वी एवं 12वीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम सर्वश्रेष्ठ रहा। हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 2024 में विद्यालय के 44 छात्र/छात्राएं प्रथम श्रेणी तथा 17 छात्र/छात्राएं द्वितीय श्रेणी उत्तीर्ण हुए। उत्तीर्ण छात्रों में 90 प्रतिशत के ऊपर 06 छात्र ने अंक अर्जित किए। 80-90 प्रतिशत के बीच 09 छात्रों ने, 60-80 प्रतिशत के बीच 29 छात्रों तथा 45-60 प्रतिशत के बीच 17 छात्रों ने अंक अर्जित किया है। पौरवी देवांगन पिता हिरेंद्र देवांगन 96.83 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम स्थान, रचना व्यवहार पिता राजेंद्र व्यवहार 96.50 अंक अर्जित कर द्वितीय, रूपाली चक्रधारी पिता नंद कुमार चक्रधारी 93.83 प्रतिशत अंक अर्जित कर तीसरे स्थान, भेपेश्वरी दीवान पिता केशव दीवान 93.66 प्रतिशत अंक अर्जित कर चर्तुथ तथा विनीता पटेल पिता राजू पटेल 92.66 प्रतिशत अंक अर्जित कर पांचवे स्थान पर रहे। हायर सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 2024 में विद्यालय के 29 छात्र/छात्राएं प्रथम श्रेणी तथा 19 छात्र/छात्राएं द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। उत्तीर्ण छात्रों में 80-90 प्रतिशत के बीच 06 छात्रों ने, 60-80 प्रतिशत के बीच 23 छात्रों ने तथा 45-60 प्रतिशत के बीच 19 छात्रों ने अंक अर्जित किया है। नैवेद्य देवांगन पिता हिरेंद्र देवांगन 89.80 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम स्थान, रूपेश कुमार साहू पिता होमेंद्र साहू 85.60 प्रतिशत अंक अर्जित कर द्वितीय स्थान एवं रोशनी साहू पिता भेखराम साहू 85.20 प्रतिशत अंक अर्जित कर तृतीय स्थान पर रहे। इस मौके पर विद्यालय संचालन समिति के सचिव/व्यवस्थापक राहुल अग्रवाल, सहित संचालन समिति के सभी सदस्यों, प्राचार्य, कार्यालय प्रमुख, परीक्षा प्रमुख एवं सभी आचार्य-दीदीजी आदि मौजूद रहे।

# वृंदावन विद्यालय इंग्लिश मीडियम हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



स्थानीय वृंदावन विद्यालय में छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंण्डल द्वारा आयोजित हाईस्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा सत्र 2023-24 का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। विद्यालय के कुल 21 छात्र-छात्राएं हाईस्कूल परीक्षा में शामिल हुए थे। जिनमें से सभी बच्चे उत्तीर्ण है। परीक्षाफल शत-प्रतिशत है। संस्था के चेयरमैन एमआर विश्वनाथन, संचालिका सुजाता विश्वनाथन, उपप्राचार्य इंदु मिश्रा, वरिष्ठ शिक्षिका आशा ज्योति डोरा, उर्मिला अग्निहोत्री, विजय लक्ष्मी राव, अमृता चंद्राकर, बच्चों का उत्साह वर्धन किया।

छात्रों की इस सफलता पर उनके विषय शिक्षिकाओं काजल ठाकुर, जागृति साहू, रेखा साहू, जाबिर खान, विजय लक्ष्मी राव, चंदना सोनी का सहयोग रहा। छात्रों का शाला स्तर पर प्रथम श्रेणी में दस छात्र-छात्राएं, द्वितीय श्रेणी में 11 छात्र-छात्राओं ने उच्चतम अंक प्राप्त किए है। इसमें पूर्वा भोसले 85.17 प्रतिशत, स्वाति चंद्राकर 84.00 प्रतिशत, यशस्वी ध्रुव 81.00 प्रतिशत रहा। छात्रों की इस सफलता पर हर्षित आंनदित होते हुए कहा कि बच्चों की प्रतिभा को निखारकर नई दिशा नया आयाम देने का भरपूर प्रयास करेंगे।

इस अवसर पर संस्था प्रमुख एमआर विश्वनाथन व सुजाता विश्वनाथन, संध्या सोना, दमिनी वैष्णव, सुषमा साहू, वर्षा चंद्राकर, साधना राठौर, एम रजनी, ललिता सिंग राजपूत, भूमिका वर्मा, मोनिषा बावनकर, शुभ्रा अग्रवाल, सविता ढीढी, नंदिनी साहू, अंशु यादव, चंदना सोनी, नीरू मांझी, सुमन साहू, लक्ष्मी नारायण साहू आदि मौजूद रहे।

**कार्या. अनुविभागीय अधिकारी (रा.) महासमुंद, जिला महासमुंद (छ.ग.)**
OFFICE OF THE SUB-DIVISIONAL OFFICER OR MAHASAMUND (C.G.)

क्रमांक / /वा-1/अविअ/2024
महासमुंद दिनांक 17/04/2024

विमलचंद जैन पिता जसराज
निवासी बरोण्डा चौक महासमुंद
तहसील व जिला महासमुंद (छ.ग.)
विरूद्ध ...आवेदक
छ.ग.शासन ...अनावेदक

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण ग्राम मोंगरा तहसील व जिला महासमुंद (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक विमल चंद जैन पिता जसराज निवासी ग्राम महासमुंद तहसील व जिला महासमुंद(छ.ग.) के द्वारा ग्राम मोंगरा प.ह.नं. 46 तहसील क जिला महासमुंद में स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नम्बर 1341 कुल रकबा 2.02 हेक्टे भूमि में स्थित वृक्षों की कटाई हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया है। अतएव आवेदक द्वारा प्रस्तुत वृक्ष कटाई की अनुमति आवेदन के संबंध में जिस किसी को भी कोई उजर दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार जारी दिनाक से 15 दिवस के भीतर कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर स्वत अथवा अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। तत्पश्चात प्रस्तुत आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 17-04-24 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा के साथ ईश्तहार ग्राम एवं स्थानीय समाचार में प्रकाशन हेतु जारी।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा.) महासमुंद

# इवास स्कूल की मेधावी छात्रा बारहवीं बोर्ड परीक्षा में प्रथम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

अर्पित शिक्षा समिति द्वारा संचालित इवास वुडलैंड हायर सेकंडरी स्कूल सरायपाली की मेधावी छात्रा महक अग्रवाल ने 12वीं बोर्ड परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त कर पूरे सरायपाली अंचल को गौरान्वित किया है। छात्रा की उपलब्धि पर स्कूल संचालक एके मसीह, प्राचार्या एस मसीह, उपप्राचार्या जी कौर, प्रधानाचार्य एम प्रधान एवं समस्त शिक्षकों ने पुष्प गुच्छ भेंट कर हर्ष जताया। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी सुशीम सिंह ने दी है।

# 10वीं बोर्ड परीक्षा में टॉप टेन में रिया ने बनाया 9वां स्थान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

विकासखंड के शाउमावि तोरेसिंहा की होनहार छात्रा रिया साहू द्वारा 10वीं बोर्ड परीक्षा में टॉप 10 में 9वां स्थान प्राप्त किया है। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रकाश मांझी एवं बीआरसीसी सतीश स्वरूप पटेल भी घर पहुंच कर हर्ष जताया।

## हरिभूमि पाठक पुरस्कार योजना 2023 के प्रतिभागीयों के नाम

**सांत्वना पुरस्कार** बृजराम देवांगन पिता/पति राम सिंह देवांगन, वार्ड.न.13 बागबहारा, जिला महासमुंद, विष्णु शरण गुप्ता पिता/पति स्व. माखन लाल गुप्ता, पुराना रावन भाठा वार्ड न.16, जिला महासमुंद, पी.आर. पटेल पिता/पति बरातू राम पटेल, वार्ड न.-11 दलदली रोड महासमुंद, जिला महासमुंद, सुरेन्द्र सावित्री चंद्राकर पिता/पति सुरेन्द्र नयकराम चंद्राकर, कुर्मी पारा राम मंदिर गांधी चौक वार्ड न.17, जिला महासमुंद, पूनमचंद बरडिया पिता/पति ताराचंद बरडिया, गांधी चौक, जिला महासमुंद, अन्द्रेयस मिंज पिता/पति स्व. रिमिस मिंज, वार्ड न.9 नयापारा, जिला महासमुंद, राधेश्याम बगर्ती पिता/पति पवित्र कुमार बगर्ती, नया रावन भाठा वार्ड न.30, जिला महासमुंद, रत्तीलाल यादव पिता/पति स्व. गिरधारी लाल यादव, वार्ड न.29 दुर्गा मंदिर के पीछे, जिला महासमुंद, डीगेंद्र परमार पिता/पति हेमसिंह परमार, दावपाली , बागबहरा, जिला महासमुंद, सुनील बाजपेई पिता/पति कल्याण बाजपेई, वार्ड न.-6 बागबाहरा, जिला महासमुंद, ताराचंद साव पिता/पति स्व. मधुसुदन साव, सुभाष नगर वार्ड न.23, जिला महासमुंद, मन्नूलाल साहू पिता/पति शम्भू लाल साहू, लाफिन खुर्द, जिला महासमुंद, संदीप सेन पिता/पति रघुराज सेन, शंकर नगर वार्ड न.1, जिला महासमुंद, टी.पी. वर्मा पिता/पति स्व.केजूराम वर्मा, कोदर कॉलोनी, जिला महासमुंद, सरोजनी यादव पिता/पति जैलू राम यादव, रमण टोला महासमुंद, जिला महासमुंद, निर्मल कुमार निषाद पिता/पति स्व. सुपेत राम निषाद, मौहारीभाठा वार्ड -28, जिला महासमुंद, यशवंत राव उइके पिता/पति स्व. लक्ष्मी नारायण उइके, बागबहरा, जिला महासमुंद, अतुल कुजूर पिता/पति अन्जलूस कुजूर, वार्ड न. 11 नयापारा दलदली रोड, जिला महासमुंद, रणजीत सिंह मक्कड़ पिता/पति मोतीलाल मक्कड़, स्टेशन रोड वार्ड न.13, जिला महासमुंद, संतोष कुमार शर्मा पिता/पति रामशरण शर्मा, मौहारी भाठा सिचाई कॉलोनी, जिला महासमुंद, लक्ष्मी कान्त दत्ता पिता/पति स्व. श्री रमेश दत्ता, मेन रोड स्टेशन चौक बागबहरा, जिला महासमुंद, फूलसिंह यादव पिता/पति अलाल राम यादव, खल्लारी, जिला महासमुंद, पीला राम साहू पिता/पति आनंदी राम साहू, देहानी भाठा वार्ड न.-15 बागबहरा, जिला महासमुंद, दिनेश साहू पिता/पति दयाराम साहू, रावाभाठा पारा पिथौरा, जिला महासमुंद, डायमंड साहू पिता/पति ठाकुर राम साहू, मकान न.105 वार्ड न.7 खट्टी, जिला महासमुंद, तुलसी राम पिता/पति भूखन लाल, केंद्रीय विद्यालय के पास रमण टोला कम्य सदन, जिला महासमुंद, शशि कुमार सोनी पिता/पति स्व. फगुआ राम सोनी, गुडरु पारा बजरंग चौक, जिला महासमुंद, सुरेश कुमार पिता/पति इतवारी राम, नदी चौक, जिला महासमुंद, हरीश देवांगन पिता/पति जितेन्द्र देवांगन, बाजार वार्ड, जिला महासमुंद, राकेश कुमार यादव पिता/पति अनुज राम यादव, कलेक्ट्रेट कॉलोनी, जिला महासमुंद।

Health Town

डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक

Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244

स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD| मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक| इनफर्टिलिटी | बच्चेदानी की गांठ | स्तन की गांठ

सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा

टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।

शॉप नं.1,गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर Online परामर्श उपलब्ध दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा

Maa Ad.

मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट

समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना । प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक

जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टेण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.) स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133



## खबर संक्षेप



### महाराणा प्रताप की जयंती मनाई

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में महान योद्धा एवं मातृभूमि के सपूत वीर महाराणा प्रताप की जयंती मनाई गई। जिसमें मितानिन कौशल्या चंद्राकर, भारती चंद्राकर, दामिनी चंद्राकर अंजू, चंद्राकर रुपेश चंद्राकर, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर आदि मौजूद रहे।

### ऑनलाइन आहाता आबंटन आज

**महासमुंद।** वर्ष 2024-25 के लिए देशी, विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों के अनुज्ञप्ति परिसर से संलग्न आहातों के लिए अनुज्ञप्तियों के ऑनलाइन आबंटन के लिए 12 अप्रैल से 25 अप्रैल 2024 तक ऑनलाइन निविदा आमंत्रित किए गए थे तथा अनुज्ञप्तिधारी के चयन की तिथि 26 अप्रैल 2024 एवं 29 अप्रैल 2024 नियत की गई थी। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि प्रदेश में लोकसभा निर्वाचन का कार्य 7 मई 2024 तक प्रक्रियाधीन होने के कारण तिथि में संशोधित करते हुए महासमुंद जिले के लिए निविदाकारों का चयन 10 मई 2024 को प्रातः 11 बजे जिला पंचायत के सभाकक्ष में किया जाएगा। चयन प्रक्रिया के दौरान निविदा दाताओं को निविदा की प्राप्ति अभिस्वीकृति के साथ उपस्थित होना अनिवार्य होगा।

### छठवीं में प्रवेश फार्म का वितरण आज से

**महासमुंद।** समग्र शिक्षा अंतर्गत सत्र 2024-25 के लिए जिले के विकासखंड बागबाहरा में संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय सुनसुनिया, विकासखंड पिथौरा के कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय लाखागढ़ एवं विकासखंड बसना के कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बंसुला में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए प्रवेश फार्म का वितरण 10 मई 2024 से शुरू होगा। जिला मिशन समन्वय समग्र शिक्षा ने बताया कि प्रवेश फार्म प्राप्त व जमा करने की अंतिम तिथि 10 जून 2024 तक है। कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय सुनसुनिया में कक्षा 6वीं में रिक्त सीट 32, लाखागढ़ में 35 तथा बंसुला में रिक्त सीट 36 है।

### दसवीं-बारहवीं का परीक्षा परिणाम रहा शानदार

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी कक्षा दसवीं बारहवीं का परीक्षा परिणाम जारी हुआ। जिसमें शासकीय डीएमएस उमावि महासमुंद का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम 93 प्रतिशत रहा। जिसमें कक्षा 12वीं कला 100 प्रतिशत, वाणिज्य संकाय 100 प्रतिशत, 12वीं विज्ञान 82 प्रतिशत प्रतिशत रहा। जिसमें विज्ञान संकाय के आयुष कुमार साहू ने 79 प्रतिशत तथा सिमरन ने 78 प्रतिशत अंक प्राप्त किया । कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम 81 प्रतिशत रहा। जिसमें यहां के छात्र देवानंद कोसरे ने 93 प्रतिशत अंक लाकर शाला में प्रथम स्थान प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर दानवीर साहू का रहा, जिन्होंने 88 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। इस अवसर पर जारी परीक्षा परिणाम पर संतुष्टि जताते हुए संस्था प्रमुख केके शुक्ला एवं शिक्षकों ने हर्ष जताया है। इस अवसर पर रिखीराम साहू, मानिक लाल साहू, जगदीश लाल साहू, शैलेंद्र सोनी, हर्षिता चंद्राकर, सोम प्रकाश साहू, गायत्री पटेल, प्रिया देवांगन, हिरेंद्र कुमार साहू, आरती साहू, नागेश विश्वकर्मा, छाया साव आदि मौजूद रहे।

# जिला स्काउट गाइड संघ परिषद एवं कार्यकारिणी की हुई बैठक

## बैठक में वार्षिक आय-व्यय पर हुई चर्चा, विकासखंड एवं जिला संघ के निर्वाचन की तिथि की भी हुई घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ जिला संघ महासमुंद के कार्यकारिणी एवं परिषद की बैठक जिला प्रशिक्षण केंद्र महासमुंद में संघ के जिलाध्यक्ष दाउलाल चंद्राकर की अध्यक्षता एवं जिला मुख्य आयुक्त ऐतराम साहू, उपाध्यक्ष डा. मंजू शर्मा, जय पवार, जिला आयुक्त स्काउट एमआर सावंत, सहायक संचालक एनके सिन्हा, जिला आयुक्त गाइड अमी रूफस, सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी अंजलि बरमाल की उपस्थिति में हुई।

अतिथियों का स्वागत स्काउट परंपरानुसार स्कार्फ लगाकर किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी के स्थानांतरण पश्चात जिला आयुक्त स्काउट के पद पर एमआर सावंत जिला शिक्षा अधिकारी की नियुक्ति एवं जिला आयुक्त गाइड के पद पर प्राचार्य अमी रूफस की नियुक्ति को अनुमोदित किया गया। जिला सचिव रामकुमार साहू द्वारा निर्धारित एजेंडा अनुसार टोली नायक प्रशिक्षण शिविर के आय व्यय की जानकारी, तृतीय सोपान प्रशिक्षण एवं जांच शिविर झलप के आय व्यय की जानकारी, वार्षिक आय व्यय 2023-24 की जानकारी, विकासखंड एवं जिला संघ के निर्वाचन की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत किया। उपस्थित सभी पदाधिकारियों द्वारा समस्त बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा कर सहमति व्यक्त करते हुए आय-व्यय का अनुमोदन किया गया। वार्षिक कार्यक्रम पर सहमति व्यक्त किया गया एवं निर्वाचन कार्यक्रम की तिथि पर चर्चा कर अनुमोदित कर सर्व सम्मति से कमल लूनिया डीओसी स्काउट को निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया।

इसी प्रकार विकासखंड के निर्वाचन के लिए सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को विस्तृत निर्वाचन कार्यक्रम की प्रति प्रदान किया गया। जिसके अनुसार निर्वाचन कार्यक्रम 18 जून से प्रारंभ होकर 02 अगस्त 2024 तक होगा। विकासखंडों में निर्वाचन 29 जुलाई को सरायपाली एवं बसना में, 31 जुलाई को पिथौरा एवं बागबाहरा, 2 अगस्त 24 को महासमुंद में मतदान होगा। इसी प्रकार जिला संघ का निर्वाचन 20 जून को प्रारंभ होकर 22 अगस्त 2024 को होगा। पदों की संरचना में विकासखंड स्तर पर 01 अध्यक्ष, अधिकतम 06 उपाध्यक्ष जिसमें 3 महिला 3 पुरूष होगा। विकासखंड स्तर पर कार्यकारिणी की बैठक में सचिव, सहसचिव, कोषाध्यक्ष, 3 जिला स्काउटर, 3 जिला गाइडर की नियुक्ति की जाएगी। इसी प्रकार जिला संघ में 01 अध्यक्ष, अधिकतम 06 उपाध्यक्ष 3 महिला 3 पुरूष होगा। बैठक में मुख्य रूप से कौशलेंद्र वैष्णव विकासखंड अध्यक्ष महासमुंद, लीनू चंद्राकर डीओसी गाइड, संतोष कुमार साहू जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट, लीलिमा साहू, जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड, टीआर डड़सेना, सुरेंद्र मानिकपुरी, सुशील शर्मा, चंद्रकांता ठाकुर, पंकज हरपाल, मधु शर्मा, प्रमोद कुमार कन्नौजे जिला मीडिया प्रभारी, लेखराम साहू, लता वैष्णव, हेमंत चौधरी, राजीव तिवारी, शेषनारायण साहू, हिरेंद्र साहू, नितिन श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला सचिव रामकुमार साहू एवं आभार प्रदर्शन डीओसी गाइड लीनू चंद्राकर ने किया।

# श्याम बालाजी कॉलेज में रचाया गुड्डा-गुड़िया का विवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



श्याम बालाजी महाविद्यालय में दो दिवसीय अक्षय तृतीया कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें गुड्डे (मिहिर) की शादी गुड़िया (मान्या) के साथ किया गया। कार्यक्रम के पहले दिन 6 मई को हल्दी, संगीत तथा मेहंदी का आयोजन किया गया था। जिसमें छात्र-छात्राओं के साथ महाविद्यालय के सभी स्टॉफ ने भी हिस्सा लिया।

तत्पश्चात द्वितीय दिवस में बारात, आशीर्वाद समारोह तथा गुड़िया की विदाई की गई। अक्षय तृतीया को हिंदू धर्म के प्रमुख त्योहारों में से एक माना जाता है। साथ ही इस दिन को सफलता का प्रतीक भी माना जाता है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के संचालक हेमंत चंद्राकर, सचिव तारा चंद्राकर, प्राचार्य अंकिता चंद्राकर, सहायक प्राध्यापिका उमा चौधरी, सहायक प्राध्यापक मान निर्मल बंजारे, कांति साहू, आशी चंद्राकर, टोपराम कुर्रे तथा महाविद्यालय के समस्त स्टॉफ उपस्थित थे। अंत में बीएड द्वितीय सेमेस्टर के छात्राध्यापक होमेश कुमार साहू द्वारा समस्त प्राध्यापकगण तथा मुख्य अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया।



### महाविद्यालय में शोधार्थियों का पीपीटी प्रेजेंटेशन

**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के कला संकायांतर्गत पीएचडी कोर्स वर्क के आंशिक पूर्ति के लिए हिंदी एवं राजनीति विज्ञान के शोधार्थियों का शोध प्रविधि व शोध परियोजना कार्य का पीपीटी प्रेजेन्टेशन कराया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य एवं हिंदी शोध निर्देशक डॉ अनुसुइया अग्रवाल शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय ने किए। कार्यक्रम में डॉ मालती तिवारी शोध निर्देशक राजनीति विज्ञान, डॉ रीता पांडेय शोध सह संयोजक, शोध समिति के सदस्य ईपी चेलक, अजय देवांगन, सीमा रानी प्रधान सहायक प्राध्यापक ने शोधार्थियों के प्रस्तुतिकरण का मूल्यांकन किए। शोधार्थी कमला बाई दीवान, महेंद्र कुमार साहू, चंद्र शुभम, मनु स्मृति, विजय आदि उपस्थित रहे। शोधार्थियों को आगे की तैयारी के लिए मार्गदर्शन व सुझाव दिया गया।

# वर्तमान स्थिति में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम में संशोधन अत्यंत आवश्यकः डॉ. सुरेश

**महासमुंद।** सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. सुरेश शुक्ला द्वारा चुनावी प्रक्रिया में आवश्यक संशोधन के लिए निर्वाचन आयोग तथा प्रधानमंत्री को पत्र प्रेषित कर अपने सुझाव प्रस्तुत करते हुए कहा है कि हमारा भारत दुनिया की तमाम देशों के श्रेणी में बुलंदियों की ओर निरंतर उत्तरोत्तर बढ़ते जा रहा है, हमारा देश विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में भारत भूमि की एक अलग ही छाप बना रही है, हमारा देश जनसंख्या की दृष्टि से पूरे विश्व में दूसरा स्थान रखने के बावजूद आम नागरिकों के माध्यम से सीधे मतदान की प्रक्रिया के कारण भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है तथा लोकतंत्र में आम चुनाव देश की खूबसूरती है, भारतीय राजनीति के अंतर्गत लोकतांत्रिक व्यवस्था के संचालन तथा बनाये रखने के लिए 13 मई 1950 को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 तथा इसके पूर्ण क्रियान्वयन के लिए 17 जुलाई 1951 को लागू कर दिया गया।

उपरोक्तानुसार स्वतंत्र भारत में निर्वाचन संपादित किया जा रहा है, चुनाव का मूल उद्देश्य संविधान निहित गरिमा को संधारित कर उसके अनुरूप लोकतांत्रिक ताना बाना को बनाए रखने के लिए निष्पादित किया जाना है। समयानुकूल आवश्यकतानुसार निर्वाचन पद्धति में पारदर्शिता तथा गुणवत्ता उन्नयन के लिए समय समय पर अधिनियम में आंशिक संशोधन किया जाता रहा है। जनसंख्या वृद्धि के आधार पर बड़े राज्यों में सुव्यवस्था के लिए नए राज्यों का निर्माण किया गया। साथ राज्यों में जिलों की संख्या भी बढ़ाई गई है व्यवस्था का सुचारु रूप से संचालन के लिए समस्त शासकीय विभागों को पदयुक्त कर जनसुविधा प्रदान किया गया है, लोकतांत्रिक व्यवस्था को नीति संगत बनाए जाने के लिए देश में पहला आम चुनाव वर्ष 1951-1952 (25 अक्टूबर 1951– 21 फरवरी 1952) के मध्य हुआ। उपरोक्त चुनाव के बाद तीन चुनाव तक विधानसभा तथा लोकसभा साथ साथ चलता रहा। परन्तु, अनेक राज्यों में विधानसभा के बीच में ही भंग होने के परिणाम स्वरुप बना बनाया। सामंजस्य विरूपित हो गया, समावेशी चुनाव होने से निश्चित रूप उपरोक्त चुनावधि में धन बल, जन बल तथा समय का बचत होता रहा होगा, जो कि वर्तमान में यह स्थिति विकृत हो गया है। जनसंख्या, तकनीकी विस्तार तथा राज्यों के विस्तार होने से पहले की तुलना में चुनाव अब अधिक खर्चीले हो गए है। बदलते परिशेष ट समय की मांग अनुसार विधानसभा व लोकसभा चुनावों को एक साथ कराए जाने की अधिक आवश्यकता है। देश के समस्त उर्जाओं को विकासीय सकारात्मक दिशा में



लगाने के लिए लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम में संशोधन कर एक देश एक चुनाव की अत्यंत आवश्यकता महसूस हो रही है। साथ ही देश में कीर्तिमान रचने तथा विकासीय मॉडल के सपने को साकार किए जाने के लिए वर्त्तमान मांग के अनुरूप लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 में आंशिक संशोधन की आवश्यकता है, जिसमें से लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के अनुच्छेद 33 के आधार एक ही प्रत्याशी का एक से अधिक सीटों से चुनाव लड़ने की व्यवस्था दी गई है तथा इसी अधिनियम के अनुच्छेद 70 में प्रत्याशी एक ही सीट का प्रतिनिधित्व कर सकता है।

सूक्ष्मता से इसका अवलोकन किए जाने पर अनुच्छेद 33 तथा 70 प्रत्याशी तथा प्रतिनिधि हित संगत तो है, परन्तु लोकतांत्रिक व्यवस्था में राष्ट्र हित के लिए उपयुक्त नहीं लगते, एक ही व्यक्ति का एक से अधिक सीटो से चुनाव लड़ने का मुख्य वजह अपने आप को किसी एक जगह पर सुरक्षित रखना रहा है, जिससे प्रत्याशी की प्रत्याशा तो स्पष्ट समझ आ रही है। परन्तु, ऐसे मामले में प्रत्याशी यदि दोनों सीट पर जीत हासिल कर लेता है तो एक सीट को छोड़ना होता है और छोड़े गए दूसरी सीट में उपचुनाव कराया जाता है जो कि पुनः जनबल, धनबल तथा समय का प्रत्यक्ष क्षति है, जिसका सीधा भार सरकार को या स्पष्ट शब्दों में कहा जाए तो जनता पर आता है। इसलिए एक प्रत्याशी एक सीट को अधिनियम में शामिल किया जाना चाहिए। लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत तथा पारदर्शी बनाए जाने के लिए हमारे सरकारों द्वारा समय समय पर अनेक संशोधन किया गया है। ठीक उसी प्रकार वर्त्तमान समय की मांग अनुसार चुनावों में इस प्रकार का संशोधन अत्यंत आवश्यक हो गया। लोकांत्रिक व्यवस्था के सुचारू रूप से संचालन के लिए शासकीय तंत्र का समय बचत, चुनावी प्रक्रिया पारदर्शिता व गुणवत्ता लाने के लिए पूर्व में जिस प्रकार हमने बैलेट पेपर के स्थान पर ईवीएम को महत्त्व दिया, ठीक उसी प्रकार लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 में संशोधन कर बहुताधिक मात्रा में अनावश्यक धन, जन व समय के अपव्यय से बचा जा सकता है।

# एसडीएम ने ली लंबित जाति प्रमाण पत्रों की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

विद्यालयीन छात्र-छात्राओं के जाति प्रमाण पत्र की प्रक्रिया की प्रगति को लेकर जनपद पंचायत बागबाहरा के सभा गृह में विकासखंड के समस्त प्राचार्यों एवं संकुल समन्वयकों का अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सृष्टि चंद्राकर द्वारा समीक्षा बैठक ली गई। एसडीएम सृष्टि चंद्राकर ने विद्यालय व संकुलवार अभी तक बन चुके और बनाने के लिए लंबित जाति प्रमाण पत्र की जानकारी ली। जिसमें लंबित प्रकरण पर नाराजगी व्यक्त करते हुए,अगले समीक्षा बैठक के पहले निराकरण करने के निर्देश दिए गए। जिन आवेदनों को बनाने में कठिनाई हो रही है, उन्हें आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराकर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने छूटे हुए बच्चों के जाति प्रमाण पत्र बनाने के कार्य को 15 जून तक पूर्ण करने के निर्देश सभी प्राचार्यों, संकुल समन्वयकों व शिक्षकों को दिए। समीक्षा बैठक में गूगल शीट के माध्यम से अनुविभाग के प्रत्येक विद्यालयों के लक्ष्य व उपलब्धि का वन टू वन समीक्षा की। बैठक में तहसीलदार बागबाहरा लीलाधर कंवर, विकासखंड स्रोत समन्वयक केआर टंडन, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामता मन्ना डे उपस्थित रहे।

# आत्मानंद स्कूल में प्रवेश प्रक्रिया 13 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना




सत्र 2024- 25 के लिए स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बसना में प्रवेश प्रक्रिया 10 अप्रैल से प्रारंभ हो गई है। शासन से जारी निर्देश के अनुसार 10 अप्रैल से ऑनलाइन आवेदन लिया जा रहा है। पालक 10 मई तक आवेदन कर सकेंगे। प्रवेश के लिए विकासखंड स्तरीय चयन समिति का गठन किया गया है। जिसके प्रभारी अधिकारी शिक्षा अधिकारी बसना, प्राचार्य सेजेस बसना समन्वयक, संकुल समन्वयक सदस्य, (दो पालक जो शासकीय सेवा में हों) वारिश कुमार, महेश देवांगन पालक सदस्य, एचके दास प्रधान पाठक माध्यमिक, एचआर साव प्रधान पाठक प्राथमिक को चयन समिति बनाया गया है। कक्षा पहली से कक्षा पांचवीं तक के प्रवेश प्रभारी एचआर साव प्रधान पाठक (प्राथमिक विभाग),कक्षा छठवीं से कक्षा आठवीं तक प्रवेश प्रभारी एचके दास प्रधान पाठक (माध्यमिक विभाग) तथा कक्षा नवमी से कक्षा बारहवीं तक प्रवेश प्रभारी एके शर्मा व्याख्याता होंगे। कक्षा पहली में प्रवेश लाटरी के माध्यम से 13 मई को विद्यालय के सभा कक्ष में संपन्न होगी। शेष कक्षाओं में प्रवेश पिछली कक्षाओं के अधिकतम प्राप्तांक के आधार पर होगी। कक्षा पहली से कक्षा आठवीं तक के रिक्त सीट की जानकारी पोर्टल अपलोड कर दिया गया है। चयन के लिए लाटरी 13 मई को प्रातः 9 बजे से होगी को होगी। प्राचार्य ने सभी पालकों से उपस्थित होने की अपील की है।

# भागवत महापुराण कथा के समापन पर लगा आम भंडारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



ग्राम खरोरा में स्व. मनीष कन्नौजे की स्मृति में श्रीमद भागवत महापुराण कथा आयोजन किया गया। कथावाचक पंडित कुलभूषण तिवारी ने कहा कि गीता का सार है, जो महाभारत युद्ध के समय रणभूमि में भगवान कृष्ण ने अर्जुन को जो ज्ञान दिया था वह गीता में बताया गया है। गीता में ऐसी बहुत सी बातें हैं जो मनुष्य को जीवन की कई कठिनाइयों को आसान बनाती है। इतना ही नहीं गीता पढ़ने पर मनुष्य को बहुत सी नई जानकारियां भी मिलती है। साथ ही हर अध्याय के नियमित पाठ का अपना लाभ और महत्व है। भगवान शिव ने देवी पार्वती को गीता के पहले अध्याय के पाठ का महत्व जो बताया है वही यहां आपके लिए प्रस्तुत है। लेकिन, गीता के पहले अध्याय के महत्व को जानने से पहले जान लीजिए। गीता के पहले अध्याय का नाम अर्जुन विषाद योग है। इस अध्याय में कुरुक्षेत्र के मैदान में उपस्थित बंधुओं और संबंधियों को सामने देखकर अर्जुन के मन में उठे विषाद और मनःस्थिति का वर्णन किया गया है, जिसे संजय धृतराष्ट्र को बताते हैं।

एक समय में पार्वती ने महादेव से पूछा किस ज्ञान के बल पर संसार के सब लोग आपको शिव कहकर पूजते हैं। मृगछाला ओढ़े और अपने सभी अंगों में श्मशान की विभूति लगाएं, गले में सर्प और नर मुंडों की माला पहने हुए हो। इनमें तो कोई भी पवित्र नहीं, फिर आप किस ज्ञान से पवित्र माने जाते हैं? तब महादेव ने उत्तर दिया कि मैं गीता ज्ञान को अपने हृदय में धारण करने से पवित्र माना जाता हूं। इस ज्ञान से मुझे बाहर के कर्म नहीं व्यापते। तब पार्वती ने कहा कि हे भगवान जिस गीता ज्ञान की आप ऐसी स्तुति करते हैं, उसके श्रवण करने से कोई कृतार्थ भी हुआ है। श्रीमद भागवत कथा समापन पर श्रद्धालुओं के लिए भंडारा प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में गोकुल सोनकुमारी कन्नौजे, रामेश्वरी कन्नौजे, जय विजय कन्नौजे, फणीश्वर कन्नौजे, आरती कन्नौजे, क्रांति कन्नौजे, शीला कन्नौजे, कमलेश कन्नौजे, कलिन्दरी कन्नौजे, लक्ष्मी कन्नौजे, शकुन कन्नौजे, तुषार कन्नौजे, विधान कन्नौजे, पोषण कन्नौजे, हेमलता कन्नौजे, हरिशंकर कन्नौजे आदि मौजूद रहे।

### फ्रूटी वितरण



**महासमुंद।** हनुमान जन्मोत्सव पर राम सेना द्वारा मंदिर में पूजा-पाठ के बाद प्रसादी स्वरूप फ्रूटी का वितरण किया गया।

# 10वीं की छात्रा प्रेरणा ने 97.67 प्रतिशत के साथ मेरिट में बनाया सातवां स्थान

## स्वामी आत्मानंद शासकीय स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट, कक्षा 10वीं का परिणाम 100 प्रतिशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



नगर के स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल नयापारा की कक्षा 10वीं की छात्रा प्रेरणा साहू पिता पुरूषोत्तम साहू. ने 97.67 प्रतिशत अंक प्राप्त कर मेरिट सूची में 7वें स्थान पर रही। स्वामी आत्मानंद स्कूल में कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। 56 छात्रों में से 53 छात्र प्रथम श्रेणी में एवं 03 छात्र द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं, प्रतीक कुमार साहू 96.66 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान पर, तृतीय स्थान पर क्षितिज पांडेय 95.67 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। इसी प्रकार कक्षा 10वीं हिंदी मीडियम के 41 छात्रों में से प्रथम श्रेणी में 23 छात्र, द्वितीय श्रेणी में 14 छात्र, पूरक 04 छात्र रहे हैं। इस प्रकार परीक्षा परिणाम 90 प्रतिशत रहा है। हिंदी मीडियम कक्षा 10वीं अमन कुमार 93.67 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, भावेश साहू 77.67 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय, संध्या यादव 74.16 प्रतिशत तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 12वीं कामर्स में अश्वनी पटेल 90.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, माही सिंग 89.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय, मयंक सिदार 89.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रहे हैं। कक्षा 12 वीं बायोलाजी में सागर साहू ने 86.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, चेष्ठा साहू 85.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय, शुभम निषाद 80.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 12 वीं मैथ्स में निखिल कुमार साहू 81.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, उर्वशी कंसारी 81.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय, शुभम निषाद 80.2 प्रतिशत अंक प्राप्त तृतीय स्थान पर रहे हैं। संस्था की इस उपलब्धि पर जिला शिक्षा अधिकारी एमआर सावंत, सहायक संचालक सतीश नायर, सहायक संचालक एनके सिन्हा, संस्था के प्राचार्य अमी रूफस, बीआरसीसी जागेश्वर सिन्हा, प्रमोद कुमार कन्नौजे, जीआर टांडेकर, संकुल समन्वयक राशिद कुरैशी, रौनक अग्रवाल, ऋतुराज देवांगन, रवि ठाकुर, मदन कौशिक, शनिदेव सिंह ठाकुर, तेजेश्वरी साहू, मोहन, दुलारी सहित संस्था के समस्त शिक्षकों ने हर्ष जताया है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
By Train-रिजर्वेशन कोच
20 मई से 02 जून 2024, 24 मई से 06 जून 2024, 26 मई से 08 जून 2024, 29 मई से 11 जून 2024
05 जून से 18 जून 2024
राशि:-स्लीपर 20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 34,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411